अलग-अलग प्रदेशों में उच्चारण संबंधी भिन्नताओं के कारण एक ही शब्द अलग-अलग ... दक्षिण भारत में 'भ' का 'ब' तथा 'ख' का 'क' उच्चारित किया जाता है। जैसे– 'भारत' का 'बारत' खाना का 'काना' आदि।

## आइए अभ्यास करें

### पुस्तक से

* निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1. वर्ण की परिभाषा लिखिए।

भाषा की सबसे छोटी इकाई जिसके टुकड़े नहीं किए जा सकते है, उसे वर्ण कहते है

2. ह्रस्व एवं दीर्घ स्वर में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित समझाइए।

जिन स्वरों के उच्चारण में कम से कम समय लगता है उसे ह्रस्व स्वर कहते है जैसे अ, इ, उ
जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वर की अपेक्षा अधिक समय लगता है उसे दीर्घ स्वर कहते है जैसे— आ, ई, ऊ, ए ऐ, ओ, औ

3. अयोग-वाह किसे कहते हैं ? उनकी संख्या बताइए।

अं अः अयोगवाह है। इनकी संख्या दो है।

4. स्पर्श व्यंजन को उदाहरण सहित समझाइए।

क से म तक के वाले वर्ण स्पर्श व्यंजन कहलाते है। ये कंठ, तालु, मूर्धा, दांत, ओठ की सहायता से बोले जाते है

5. व्यंजन के भेद समझाइए।

व्यंजन के तीन भेद होते है
1 स्पर्श व्यंजन क से म 2 अंतःस्थ व्यंजन य र ल व 3 ऊष्म व्यंजन श ष स ह

### आस-पास से

* निम्नलिखित शब्दों के क्षेत्रवार हिन्दी रूप लिखिए–

| | बंगाली रूप | दक्षिणी रूप |
|---|---|---|
| रसगुल्ला | रोसोगुल्ला | रसवरी |
| भारत | भारात | दक्षिण भारत |

| | | |
|---|---|---|
| सौरभ | सौरव | काउरव |
| खाना | स्वाधार | उनकु |
| मेरी पुड | सूब मा को | मिकाकुम नलडु |

* निम्नलिखित के वर्ण-विच्छेद कीजिए—

इतिहास ....इ + त + इ + ह + आ + स + अ....

पंजाबी ....प + अं + ज + आ + ब + ई....

स्थान ....स + थ + आ + न + अ....

आशीर्वाद ....आ + श + ई + र + व + आ + द + अ....

उच्चारण ....उ + च + च + आ + र + अ + ण + अ....

रेखाचित्र ....र + ए + ख + आ + च + इ + त्र + अ....

संस्कृति ....स + अं + स + क + ऋ + त + इ....

* सही कथन के आगे (✓) तथा गलत कथन के आगे (X) का चिह्न लगाइए—

(क) अल्पप्राण एवं महाप्राण व्यंजन के भेद हैं। ✓

(ख) अनुनासिक का उच्चारण करते समय हवा केवल नाक से निकलती है। ✓

(ग) ि की मात्रा ऋ की है। X

(घ) प्लुत स्वर को ऽ चिह्न से दर्शाया जाता है। ✓

(ङ) अ तथा ए दीर्घ स्वर हैं। X

## स्वयं करिए

* अर्थ बताइए—

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | फन | साँप का फन | फ़न | कला |
| (ख) | सजा | दंड | सज़ा | सजावट |
| (ग) | राज | शासन | राज़ | रहस्य |
| (घ) | खुदा | ईश्वर | ख़ुदा | खोदा गया |
| (ङ) | खाना | भोजन | ख़ाना | जगह |
| (च) | जरा | बुढ़ापा | ज़रा | थोड़ा |

* शुद्ध शब्द पर सही (✓) का निशान और गलत पर गलत (X) का निशान लगाइए—

सन्यासी ☐ संन्यासी ☐

बिमारी ☐ बीमारी ☐

| | | | |
|---|---|---|---|
| वधू | | वधु | |
| धुआँ | | धुँआ | |
| मेंढ़क | | मेढक | |
| त्योहार | | त्यौहार | |

* मिलान कीजिए—

| | |
|---|---|
| कंठ | त |
| तालु | ग |
| मूर्धा | म |
| दांत | घ |
| ओंठ | ज |

निम्नलिखित व्यंजनों से पाँच-पाँच शब्द बनाइए—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| द्वित्व व्यंजन | पत्ता | बच्चा | लड्डू | कच्चा | सच्चा |
| संयुक्त व्यंजन | क्षेत्र | क्षेत्रीय | कक्षा | कक्ष | क्षार |
| वर्ण संयोग या संयुक्ताक्षर | विद्या | नित्य | सस्ता | रास्ता | पास्ता |

***